Website: https://hgbsgujarat.org

# हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात

• वर्ष : 1 • अंक : 07 • 15 दिसंबर, 2023, शुक्रवार • Email - guj.abhgb@gmail.com

सहतंत्री • कमलेश शर्मा (पनवाडिया-थोलाईवाले) • रामअवतार एम.शर्मा (कुडाया) • अहमदाबाद, हितेश शर्मा (सिद्धपुर) • उमेश कुडाया (कठवाडा)

• तंत्री एवं प्रधान संपादक : विजयकुमार छत्रपाल शर्मा (वोरीवाड-ईडर)

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



## स्व.कनैयालाल पंडित

**(26-11-1961 से 15-12-2019)**

**"सादा जीवन उच्च विचार" का आजीवन अनुसरण करनेवाले समाजहित में अपना जीवन समर्पित करनेवाले समाजरत्न स्व.कनैयालाल पंडितजी (अहमदाबाद) को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर शत शत नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि।**

**बिछडा कुछ इस अदा से की रुत ही बदल गई।**
**एक शख्स सारे शहर को विरान कर गया।।**

अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

## गुजरात प्रदेश संगठन आयोजित

# आठवा सामूहिक विवाह समारोह-2024



परमपिता परमेश्वर एवं भगवान श्री गजानन की कृपा से हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात समाज का आठवा सामूहिक विवाह समारोह

**बुधवार, 14 फरवरी 2024**

को आयोजित होने जा रहा है। हम इस समारोह में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाजबंधुओ को सादर आमंत्रित करते है।

विवाह पंजीकरण शुल्क : वर पक्ष - 31,000 | कन्या पक्ष - 21,000

### विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज

वर और कन्या दोनो की जन्मतारीख सर्टिफिकेट-बर्थ सर्टीफिकेट, आधार कार्ड, वर और कन्या के दो-दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ देने होंगे।

विवाह स्थल : श्री जय जलाराम आश्रम सेवा ट्रस्ट, लाभपुरा, मुं.पो.चेतरसुंबा.तहसील-ठासरा, जिला खेडा

### विवाह पंजीकरण के लिए संपर्क नंबर

1. श्री संजयभाई पंडित - डाकोर - 9898204481
2. श्री रमणलाल शर्मा - दहेगाम - 9925665536
3. श्री जगदीशभाई शर्मा - पाटण - 9825592026
4. श्री सीतारामजी शर्मा - हिंमतनगर - 9426541405
5. श्री चंद्रशेखरजी शर्मा - वडोदरा - 9327322924
6. श्री हरिशभाई पंडित - गोधरा - 7990337633
7. श्री लालीजी महाराज - अहमदाबाद - 9426065377





योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन



संजय पंडित, प्रदेश अध्यक्ष, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन



सुरेश पंडित, प्रदेश कोषाध्यक्ष, अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन

प्रदेश कार्यालय - अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन-पंजीकृत नं.A-4157, शिवशक्ति सदन, डाकोर - कपडवंज रोड, डाकोर. जि.खेडा

Note : समूह विवाह में पंजीकरण दिनांक 15-11-2023 से 15-01-2024 तक ही लिया जाएगा. समाज के जिस जोडे को शामिल होना है उन्हे इस तारीख में अपने नाम का पंजीकरण दर्ज करवाना अनिवार्य रहेगा.

(शुभेच्छक- हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम)

॥ हर हर महादेव ॥

# अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन - गुजरात प्रदेश
# जिला अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष

## अहमदाबाद जिला

- रामप्रसाद जी मदन लाल जी शर्मा, वस्त्राल, अहमदाबाद - अहमदाबाद जिला अध्यक्ष (9978904710)
- राजेंद्र जी किशन लाल जी शर्मा, बोपल - अहमदाबाद जिला उपाध्यक्ष (9586044422)
- अशोकजी छोटेलाल शर्मा, वस्त्राल, अहमदाबाद - अहमदाबाद जिला उपाध्यक्ष (9879342074)

## साबरकांठा-अरवल्ली जिला

- चंद्रेश शर्मा(ईडर) - संयुक्त जिला अध्यक्ष, साबरकांठा-अरवल्ली(9016761676)
- राजुभाई शर्मा(हिंमतनगर) - संयुक्त जिला उपाध्यक्ष, साबरकांठा-अरवल्ली (9909337648)

## आणंद जिला

- अशोककुमार पिताम्बरदास शर्मा (7621009779),गाँव-मोगर - जिला अध्यक्ष, आणंद
- अशोककुमार रमेशचंद्र शर्मा (9978767654) गाँव आसोदर - जिला उपाध्यक्ष, आणंद

## सुरत जिला

- राजेन्द्र ओमप्रकाश पंडित(सुरत) - सुरत जिला अध्यक्ष (9428016173)
- अमितभाई बुद्धिसागर शर्मा (वापी) - सुरत जिला उपाध्यक्ष (9824328181)

## वडोदरा जिला

- विरेन्द्रभाई पंडित(विरुभाई)(रावपुरा) - वडोदरा जिला अध्यक्ष(9099155344)

## पंचमहाल-दाहोद-महिसागर जिला

- हरीशकुमार नंदूभाई पंडित, एडवोकेट (गोधरा) - पंचमहाल जिला अध्यक्ष(9429054443)
- राजकुमार शर्मा(देलोल) - पंचमहाल जिला उपाध्यक्ष (9898567202)

## पाटण-बनासकांठा जिला

- दिनेशचंद्र हरिचंद्रजी शर्मा - पाटण जिला अध्यक्ष (7567219110)
- आशिषकुमार हरिशंकर शर्मा(पाटण) - पाटण जिला उपाध्यक्ष (9727259129)

## महेसाणा जिला

- हीरालाल रमणलाल शर्मा (सिद्धपुर) - महेसाणा जिला अध्यक्ष, (7016983021)
- श्यामसुंदर मोहनलाल पंडित(डभाड,खेरालू) - महेसाणा जिला उपाध्यक्ष (9265241175)

## गांधीनगर जिला

- मुरारिलाल बद्रीप्रसाद पंडित, दहेगाम - गांधीनगर जिला अध्यक्ष (7046496057)
- राकेशकुमार ब्रजलाल शर्मा(गोजारिया) - गांधीनगर जिला उपाध्यक्ष (8780891606)

## खेडा जिला

- हरिकृष्ण पंडित(नडियाद) - खेडा जिला उपाध्यक्ष (9979096183)
- सतीषचंद्र पंडित(महेमदाबाद) - खेडा जिला अध्यक्ष (9428649818)

## हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश संगठन सेवा समिति

गुजरात प्रदेश अध्यक्ष : • श्री संजय पंडित, (डाकोरवाले), जि.खेडा मो.9898204481
प्रदेश उपाध्यक्ष : • श्री लालीजी महाराज, ओढव,अहमदाबाद मो.9426065377
प्रदेश उपाध्यक्ष : • श्री वीरुभाई शर्मा, वडोदरा मो.9825084683
प्रदेश महामंत्री : • श्री योगेन्द्र शर्मा(भीखाभाई), दहेगाम, जि.गांधीनगर मो.9825308695
प्रदेश सहमहामंत्री : • श्री अनिल शर्मा, नागरवेल, अमराईवाडी, अहमदाबाद मो.9426328400
कोषाध्यक्ष : • श्री सुरेश पंडित,कठलाल, जि.खेडा(गोकुल डेरी) मो.9879180309
सहकोषाध्यक्ष : • श्री हितेष पंडित, डाकोर, जि.खेडा मो.9898359057

### प्रदेश संगठन मंत्री

- श्री लक्ष्मीकांत पंडित, रखियाल, अहमदाबाद मो.9898493999
- श्री रामनारायणजी शर्मा, अहमदाबाद मो. 9327011499
- श्री जगदीशकुमार शर्मा, पाटण मो.9825592026
- श्री देवकीनंदन पंडित, पेथापुर.जि.गांधीनगर मो.9426382884
- श्री श्यामबाबू पंडित, रणासण. जि.साबरकांठा मो.9426541271
- श्री हुकमचंद पंडित, बडोली, जि.साबरकांठा मो.9879990422
- श्री राजेन्द्रकुमार शर्मा, बोपल, अहमदाबाद मो.9426369829
- श्री सुरेशकुमार जी. पंडित, पीज, नडियाद.जि.खेडा मो.9979096183
- श्री योगेशकुमार पंडित, अडास, जि.आणंद मो.9998113606
- श्री अजयकुमार पंडित, वडोदरा मो.9904223702
- श्री मूलचंद शर्मा, वडोदरा मो.8320813842
- श्री संजय बाबुलाल शर्मा, सुरत मो.6351229899
- श्री ओमवीर शर्मा, संतरामपुर.जि.महिसागर मो.8920935439
- श्री राजुभाई शर्मा, एडवोकेट, समलाया,वडोदरा
- श्री श्यामसुंदर पंडित, खेरालु, जि.महेसाणा मो.9825278930

### प्रदेश मार्गदर्शक मंडल एवं सलाहकार

- श्री महेन्द्र पंडित, कठलाल जि.खेडा (एस.एस.मावावाला)
- श्री रमणलाल पंडित, वासद. जि.आणंद
- श्री रमणलाल शर्मा, दहेगाम. जि.गांधीनगर
- श्री गोपालभाई शर्मा, सारसा. जि.आणंद
- श्री बुद्धिशंकर पंडित, नडियाद, जि. खेडा (वृंदावन डेरी)
- श्री राजकुमार शर्मा(प्रोफेसर) मणिनगर, अहमदाबाद
- श्री भरतभाई पुरोहित, घोडासर, अहमदाबाद
- श्री अशोककुमार शर्मा, अहमदाबाद
- श्री रमणलालजी शर्मा, सरसपुर, अहमदाबाद
- श्री सतिष पंडित, महेमदाबाद, जि.खेडा
- श्री दिनेशचंद्र शर्मा, गोपाल डेरी, वडोदरा
- श्री जयंतिलाल शर्मा, रावपुरा, वडोदरा
- श्री चीमनलाल कापडिया, वडोदरा
- श्री योगेश शर्मा, डभासा
- श्री कैलासचंद्र शर्मा, वीरपुर
- श्री बालकिशन शर्मा, शामळाजी, अरवल्ली
- श्री रामजी शर्मा , रणासण, साबरकांठा
- श्री हरिओम शर्मा, रोजट
- श्री सीतारामजी शर्मा, हिंमतनगर
- श्री महेशचंद्र शर्मा, हिंमतनगर
- श्री छत्रपाल शर्मा , चोरीवाड
- श्री मुन्नालालजी शर्मा , डीसा
- श्री प्रेमचंदजी शर्मा, हारिज
- श्री विजयकुमार शर्मा, खेरालू
- श्री हरिशकुमार शर्मा, सिद्धपुर
- श्री रमणलालजी शर्मा , दहेगाम
- श्री मुरारीलाल शर्मा , दहेगाम
- श्री महादेव प्रसाद शर्मा , बायड

### प्रदेश कार्यालय का पता

हरियाणा गौड ब्राह्मण प्रदेश कार्यालय, शिवशक्ति सदन, आईस फेक्टरी के पास, कपडवंज रोड, डाकोर मो.9898204481

## हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के इन युवाओने

# राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)

की RAS-2021 की परीक्षा एवं इन्टरव्यू के बाद फायनल चयन हुआ है..


## समाज के पास होनेवाले युवाओ के नाम और उनकी चयनित रैंक

| | |
|---|---|
| 01-सौरभ शर्मा-गुवारडी | 1146 रैंक |
| 02-सुरेंद्र शर्मा-भानपुर | 1213 रैंक |
| 03-श्याम शर्मा काटरवाडा | 1510 |
| 04-राजेश्वर शर्मा | 1555 रैंक |
| 05-सौरभ शर्मा-अज़मेर रोड | 800 रैंक |
| 06-सुनील शर्मा (खवारानी) | 428 रैंक |
| 07-चंद्रमोहन शर्मा-तिलपट्टी | 639 रैंक |
| 08-निकिता शर्मा-फूटाला | 764 रैंक |
| 09-दीपिका शर्मा-बस्सी | 1202 रैंक |
| 10-ओमप्रकाश शर्मा- टीबा | 1396 रैंक |
| 11-संजय शर्मा | 248 रैंक |
| 12-मनीष शर्मा-भभोरिया | 2147 रैंक |
| 13-गिरिराज शर्मा-दनाऊ | 2151 रैंक |

# दौसा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शंकरलाल शर्मा की हार

राजस्थान की दौसा विधानसभा सीट पर अपनी जीत को बरकरार रखते हुए कांग्रेस उम्मीदवार मुरारीलाल मीणा ने जीत दर्ज की है। दौसा से कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा ने भाजपा प्रत्याशी शंकर लाल शर्मा को 31,204 मतों से हराया। कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा को 98,238 वोट मिले। वहीं भाजपा के शंकर लाल शर्मा को 67,034 वोट मिले। इस बार भी कांग्रेस और भाजपा के उन्हीं प्रत्याशियों के बीच सियासी संग्राम होना था जो 2018 के चुनाव में एक दूसरे के आमने-सामने थे. हालांकि एक बार फिर कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा ने भाजपा की तरफ से मैदान में उतरे शंकर लाल शर्मा को हराया. 2018 के चुनावी मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल ने दौसा विधानसभा सीट पर 99 हजार से ज्यादा वोट पाए थे. इसके उलट भाजपा उम्मीदवार शंकर लाल शर्मा को 48 हजार वोट ही मिल पाए थे. कांग्रेस ने यह मुकाबला 50 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से जीता था।

| विधानसभा क्षेत्र | जिला | बीजेपी प्रत्याशी | कांग्रेस प्रत्याशी | कौन जीता | वोटों का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|
| दौसा | दौसा | शंकर शर्मा | मुरारी लाल मीणा | मुरारी लाल मीणा | 31204 |
| लालसोट | दौसा | रामबिलास मीणा | परसादी लाल मीणा | रामबिलास मीणा | 47068 |
| बांदीकुई | दौसा | भागचंद सैनी | गजराज खटाणा | भागचंद सैनी | 12380 |
| महवा | दौसा | राजेंद्र मीणा | ओमप्रकाश हुड़ला | राजेंद्र मीणा | 7917 |
| सिकराय | दौसा | विक्रम बंशीवाल | ममता भूपेश | विक्रम बंशीवाल | 9428 |




अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन आयोजित आठवा समूह विवाह 2024 में शामिल होनेवाले वर-वधु जोडी को भेट स्वरुप घरघंटी (आटाचक्की) देनेवाले

## समाज के दाता



- संजयभाई ओमप्रकाश शर्मा (हारिज-जिला.पाटण)
- राजूभाई ओमप्रकाश शर्मा (हारिज-जिला.पाटण)

अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन आयोजित आठवा समूह विवाह के लिए भोजन समारंभ (दावत) का संपूर्ण आयोजन एवं खर्च देनेवाले

## समाज के दाता



- अश्वीन कुमार शर्मा
- सपनाबेन अश्वीन कुमार शर्मा
- ध्यान अश्वीन कुमार शर्मा

(निवासी - मु.पो.सींगा. तहसील-इडर . जिला साबरकांठा)

# गुजरात समाज में समरसता की है बेहद आवश्यकता - हरिश पंडित, ना.तहसीलदार

हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में हमने देखा और अनुभव किया है कि अच्छे विचार लिखने या अच्छे लेख लिखने से समाज की गुटबाजी या तनाव कम नहीं होगा.. या उसमें कोई बदलाव भी नहीं आएगा। उस सत्य पर कुछ समय के लिये छद्मावरण तो कर सकते हैं,लेकिन उससे मुंह नहिं मोड सकते। गुजरात समाज में पहली बार एक लंबे समय के बाद समाज संचालन व्यवस्था में तेजी आई थी,लेकिन दुर्भाग्यवश यह तेजी ज्यादा देर स्थिर नहिं रह पायी। जैसे ही " धर्मशाला दान सरिता" बहने कि शुरूआत हुई,सबने देखा कि किस तरह उस दान सरिता के प्रवाह में बाधा आई। लाखों, करोडों के नुकशान सहन करने वाले प्रबुद्ध समाजजन, कुछ लाख रूपये के ब्याज के विवाद में आपस में विवाद कर बैठे !!! ओर सही ट्रेक पर चल रही समाज संचालन की रेल "डि रेल" हो गई !!! इससे हम इन्कार नहिं कर सकते। आम समाजजनों के आपसी सरल संवाद हेतु बनाया गया "संवाद सेतु" सोश्यल मिडिया ग्रुप (वोटसेप ग्रुप) पर "बिना अनुमति" संवाद नहिं कर सकते का लगाया गया प्रतिबंध, से यह एक प्रबल प्रतीति हुई कि अगर ग्रुप को खोला गया तो आम समाजजन आपस में विवाद कर बैठेंगें । या फिर दुसरी प्रतीति यह हुई कि "समाज को हम अपने तरीके से ही अपने नियंत्रण से ही चलायेंगें"।

### क्या यही हमारी गति है ?? क्या इसी तरह समाज संचालन होगा ??

गुजरात में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात सेवा संगठन से समाजजनो को काफी उम्मीद है। जबसे नई शुरूआत हुई,मैंने हर संभव समर्थन किया, समाज जनगणना कार्य का क्या हाल हुआ? इसका मुझे कोई दु:ख नहिं, मैंने अपना प्रयास किया,प्रयास छोडा नहिं है। लेकिन अगर समाज संचालन ज्यादा बेहतर तरीके से करना है, तो में समझता हूं कि हमारे गुज. सेवा संगठन समाज के संविधान में नियमों, उपनियमों में फेर बदल करना होगा, जो प्रावधान वर्तमान में है जो वर्तमान समय के अनुरूप ना हो, उसकी जगह नए प्रावधान बनाने होंगें। समाज की लोकतांत्रिक प्रक्रिया, समाज की आवाज को दबाने वाली मनोवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा। अपने निजी स्वार्थ, निजी झगडे को ध्यान में रखकर समाज संगठन, एकता को गंभीर नुकशान हो उस प्रकार कि गतिविधियों पर त्वरित अंकुश लगाना होगा। समाज संचालकों को अपना विजन स्पष्ट करना होगा,जो वादे,जो कार्य (सामुहिक विवाह बिना के) निश्चित किए हों उसे पुर्ण करने कि



समयावधि निर्धारित करनी होगी। यदि समाज मुझसे कुछ अपेक्षा रखता है और मैं उसे पूरा कर सकता हूं तो मैं अवश्य उसे पूरा करने का भरसक प्रयास करूंगा। समाज संचालन व्यवस्थित करना है, तो क्या कार्य करने है,पहले यह तय करो, उस कार्य को पुरा करने के लिये समाजजनों को कार्य सुपुर्द करो। निश्चित समयांतर पर उस कार्य का रिव्यु करोगे तब जाकर बात बनेगी,अन्यथा जो बरसों से होता आया है,वही आगे भी चलता रहेगा।

# कैसे बने पत्रकार ?

## डिजिटल माध्यम है उभरता हुआ पत्रकारिता का माध्यम



हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज में पत्रकार बेहद कम है, लेकिन आज के समय में कई युवा पत्रकार बनना चाहते है या चाहत रखते है यह हकीकत है। समाज के कई लोगोने मुझसे पूछा है कि पत्रकार कैसे बन सकते है इसके बारे में बताए। इससे पूर्व मुझे कई युवा समाजबंधुओ एवं उनके माता पिता ने भी इसके बारे में फोन पर जानकारी जुटाने के लिए प्रयास किया था। इसलिए आज इस लेख में पत्रकार बनने के लिए कुछ जानकारी साझा कर रहा हूं। सबसे पहले में अपने ही एज्युकेशन से शुरु करता हू, मैंने मास्टर ऑफ कोमर्स(Mcom) किया, उसके बात सरदार पटेल युनिवर्सिटी , विघानगर, आणंद जिले से पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एन्ड मास कोम्युनिकेशन का कोर्स किया था। जरूरी अभ्यास पूरा करने के बाद मैं 2007 से अहमदाबाद में अपने लिए करियर के बेहतरिन अवसर ढूंढने के लिए आया था। 2007 में सबसे पहले टीवी9 गुजराती, उसके बाद दूरदर्शन में बतौर एन्कर काम किया। उसके बाद बिज न्युज में प्रोड्युसर एन्ड एन्कर के तौर पर काम करने का मौका मिला। 2011 के बाद गुजरात की नई लोन्च हुई चैनल वीटीवी में एन्कर-कॉपी एडिटर के तौर पर काम शुरु किया। बाद में 2014 में संदेश न्युज में तकरीबन साडे चार साल तक सिनियर एन्कर के पद पर काम किया। फिर 2017 में गुजरात विधानसभा के चुनाव के दौरान मैने इटीवी गुजराती जोईन किया था जो बाद में टीवी18 हो गया। फिलहाल पिछले 6 साल से TV18 न्युज नेटवर्क के गुजराती चैनल News18 Gujarati में सिनियर एन्कर एन्ड प्रोड्युसर के पद पर कार्यरत हूं। दोस्तो आज के मोर्डन जमाने में अब पत्रकारिता छात्रों के बीच एक लोकप्रिय करियर ऑप्शन बनता जा रहा है। छात्र खबरों की दुनिया से खुद को जोड़े रखना चाहते हैं और पत्रकारिता में अपना करियर बनाना चाहते हैं। लेकिन पढ़ाई कहां से करनी है और किन गुणों का होना जरूरी है इस बात से छात्र अक्सर अपरिचित ही रह जाते हैं। अगर आप पत्रकारिता में करियर बनाने का ख्वाब रखते हैं और इस क्षेत्र के बारे में जानना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए ही है। इस लेख में बात करते हैं कि छात्र पत्रकारिता में करियर कैसे बना सकते हैं और पत्रकार होने के लिए किन गुणों का होना बेहद जरूरी है।

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

पत्रकारिता में करियर बनाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री होना आवश्यक है। देश भर में कई ऐसे प्राइवेट और सरकारी संस्थान हैं जो पत्रकारिता में ग्रेजुएशन की डिग्री देते हैं। 12वीं पास करने के बाद छात्र ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं या वे चाहें तो पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप स्नातक डिग्री प्राप्त कर चुके हैं तब भी आप इस क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स एवं पीजी डिप्लोमा करके इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। हम यहां कुछ प्रमुख यूजी, पीजी एवं डिप्लोमा प्रोग्राम्स की लिस्ट प्रदान कर रहें हैं। आप अपनी योग्यता के अनुसार इनमें प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। • बैचलर इन जर्नलिज्म एन्ड मास कम्युनिकेशन • बैचलर इन जर्नलिज्म • बीए इन मास मीडिया • बीए इन जर्नलिज्म • डिप्लोमा इन जर्नलिज्म • एमए इन मास कम्युनिकेशन एन्ड जर्नलिज्म • एमए इन जर्नलिज्म • पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन जर्नलिज्म • मास्टर इन एडवर्टाईजिंग एन्ड जर्नलिज्म • मास्टर इन ब्रोडकास्ट जर्नलिज्म

### कोर्स फी एवं विश्वविद्यालय

गुजरात के अधिकांश विश्वविघालयों में स्नातकोत्तर पत्रकारिता कोर्स उपलब्ध है। गुजरात विश्वविद्यालय में सीडीसी/एमडीसी विशेष कोर्स उपलब्ध है। भवन्स एच.बी.इंस्ट. ऑफ कम्युनिकेशन, अहमदाबाद में पत्रकारिता कोर्स भी उपलब्ध है। तो वही आणंद जिले के सरदार पटेल विश्वविद्यालय में पत्रकारिता पाठ्यक्रम उपलब्ध है। वहां एन.एस. पटेल आर्टस कोलेज, आणंद का संपर्क कर सकते है। जर्नलिज्म के क्षेत्र में फीस अलग-अलग कोर्सेज के अनुसार अलग-अलग निर्धारित होती है। इसके अलावा एडमिशन फीस संस्थान के अनुसार भी अलग होती है। जहां सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानों में कम फीस ली जाती है वहीं प्राइवेट संस्थानों में सरकारी के मुकाबले अधिक फीस चार्ज की जाती है।

### पत्रकारिता में करियर के लिए इन गुणों का होना बेहद जरूरी है

**1** मजबूत भाषा : पत्रकार बनने का सबसे प्राथमिक गुण है भाषा पर पकड़ होना यानी भाषा का मजबूत होना। अगर पत्रकार बनना चाहते हैं तो अभी से अपनी भाषा पर काम करना शुरू कर दें। हिंदी और अंग्रेजी भाषा में मजबूती के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा भी सीखने का प्रयास करें। गुजरात में काफी न्युज चैनल है, जहां समय समय पर भाषा के जानकार की भर्ती भी होती है।

**2** खोजी दिमाग रखें : पत्रकार का दिमाग हर समय हर जगह खबर ढूंढता रहता है ऐसे में छात्रों को चाहिए कि स्कूली दिनों से ही अपने दिमाग को इस तरह से ट्रेन करिए कि आप हर जगह पर खबर ढ़ूंढ पाएं। खबर ढ़ूंढना एक पत्रकार की निशानी है।

**3** कॉन्फिडेंस और धैर्य दोनों हो : एक पत्रकार को कॉन्फिडेंट और धैर्यवान दोनों होना चाहिए। आपकी खबर में इतनी ताकत हो कि सच कहने से ना घबराए और इतना धैर्य हो कि सच्ची खबर के लिए आप घंटो इंतजार कर पाएं।

**4** अलर्ट रहें : एक पत्रकार अपने आंख और कान बाकी लोगों के मुकाबले हमेशा खुला रखता है। कब कौन सी बड़ी खबर आपके सामने आ जाए ये किसी को नहीं पता। इसी कारण पत्रकार में यह गुण होना चाहिए कि वह हमेशा अलर्ट रहे।

**5** बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स : कम्युनिकेशन स्किल्स का बेहतर होना एक पत्रकार के लिए बेहद जरूरी है। आपको लोगों से बात करना आना चाहिए और लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का भी हुनर आपके भीतर होना चाहिए। कुल मिलाकर कहे तो अपने भीतर का डर निकालना जरूरी है।

**6** विषयों का गहन अध्ययन : पत्रकारिता के विषय में कहा जाता है कि उसके पास एक आईएएस जितना ज्ञान और एक सिपाही जितनी ताकत होनी चाहिए। अगर पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर बनाना है तो पॉलिटिक्स, कल्चर, धर्म और सामाजिक और समसामयिक मुद्दों की गहन जानकारी होनी चाहिए। आप की हर खबर का मजबूत प्रभाव हो यही पत्रकारिता की निशानी है।



### जॉब की संभावनाएं

पत्रकारिता के माध्यमों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यम के रूप में बांटा जा सकता है। प्रिंट माध्यम में अखबार, मैगजीन और किताबें आती हैं जबकि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में टीवी शामिल है वहीं इंटरनेट माध्यम को डिजिटल माध्यम के रूप में देखा जा सकता है। वर्तमान में जानकारी और सूचना के बढ़ते माध्यमों में अधिक अधिक लोगों की आवश्यकता है। आप पत्रकार के रूप में तीनों में से किसी भी माध्यम से जुड़ सकते हैं या अपना कुछ कार्य अलग से शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही कई क्षेत्र उपलब्ध है जिसमें आप पत्रकारिता कर सकते हैं उदाहरण के लिए पॉलिटिकल बीट, एंटरटेनमेंट बीट या फिर एजुकेशन बीट। हिंदी, अंग्रेजी , गुजराती किसी भी माध्यम को चुना जा सकता है। इन माध्यमों के अलावा छात्र पीआर एजेंसी, पब्लिशिंग हाउस या रेडियो स्टेशन में भी अपना करियर बना सकते हैं।


## गुजरात के वित्त विभाग में सब ऑडिटर के पद पर अहमदाबाद की मेघा शर्मा की नियुक्ति



हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के कई युवक-युवतियां सरकारी पदों पर नियुक्त हुए हैं. चयनित होनेवाले हर समाजबंधु की जानकारी हम गुजरात पत्रिका के माध्यम से साझा कर रहे हैं। इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ा है अहमदाबाद की मेघा सुनीलकुमार शर्मा का। मेघा अहमदाबाद में वित्त विभाग में तृतीय श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात हैं। उन्हें लेखा एवं कोष निदेशालय के पेंशन भुगतान कार्यालय में उप लेखाकार-उप लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में मेघा शर्मा ने बताया कि गुजरात गौण सेवा पसंदगी मंडल(GSSSB) द्वारा वर्ष 2021 में क्लास-3 की परीक्षा आयोजित की गई थी. इस परीक्षा में प्रारंभिक परीक्षा और कंप्यूटर प्रैक्टिकल परीक्षा दोनों में मेरिट लिस्ट बनाई गई थी. मैंने यह परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है और मेरी नियुक्ति अहमदाबाद में हो गई है।

मेघा शर्मा अहमदाबाद से पोस्ट ग्रेज्युएट मास्टर इन कोमर्स की पढाई की है। मेघा का मानना है कि इस परीक्षा को पास करने के लिए लगातार कड़ी मेहनत और पढ़ाई जरूरी है। यदि ईमानदारी, लगातार अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रयास किया जाए तो कोई भी युवा क्लास-3 की परीक्षा में सफल हो सकता है। Target specific exam+ consistency + self confidence + smart work cum hard work+ dedicated efforts in learning.प्रतिकूल समय के बावजूद लगातार प्रयास करने और परीक्षा संबंधित बुक्स पढ़ने से कोई भी व्यक्ति एक निश्चित लक्ष्य तक पहुंच सकता है। यदि संभव हो तो अधिक से अधिक मॉक टेस्ट भी दें। इससे आप परीक्षा वाले दिन तक अधिक तैयारी के साथ परीक्षा दे सकेंगे। और आपके सफलता के चान्स बढ जाएंगे।

# जब गुजरात समाज के सर्वप्रथम अध्यक्ष बने भंवरलाल शर्मा...






समाज में संगठन का बेहद खास महत्व होता है। वह संगठन जो अपने समाज की व्यवस्था निर्धारित करता है। कुछ नियम बनाता है। यह न केवल समाज के विकास के लिए विभिन्न कार्य करता है बल्कि समाज को आगे बढ़ाने में भी मदद करता है। संगठन के माध्यम से समाज के लोगों को विभिन्न प्रकार से लाभ पहुंचाया जाता है। इस प्रकार किसी भी समाज के लिए संगठन की भूमिका असाधारण होती है। लेकिन शर्त सिर्फ इतनी है कि संगठन सक्रिय रूप से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए तो। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज गुजरात में राज्य संगठन की नींव वर्ष 2002 में रखी गई थी। समाज के बहुत कम लोगों को पता होगा कि 6 नवंबर 2002, शनिवार को अहमदाबाद के कांकरिया इलाके के बलवंतराय हॉल में समाजबंधुओं की कार्यकारिणी बैठक हुई थी. इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गुजरात में सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करना और समाज के लोगों को एकजुट करना था। अहमदाबाद के रखियाल इलाके में रहने वाले स्वर्गीय श्री कनैयालाल पंडित उस समय बहुत सक्रिय थे। समाज को आगे लाने और समाज के उत्थान में उनकी बहुत रुचि थी। तो उस वक्त कांकरिया में हुई बैठक में गुजरात समाज के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चा हुई। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष किसे बनाया जाए? इसको लेकर बहस थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाए..ताकि निर्विरोध अध्यक्ष मिल सके..मौजूद सभी सदस्यों ने सहमति जताई थी। फिर अगले दिन यानी 7 नवंबर 2002 को अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग हुआ, हालांकि श्री भंवरलाल शर्मा को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध नियुक्त कर लिया गया। सभी ने ताली बजाकर और फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। अहमदाबाद के भंवरलाल शर्मा गुजरात समाज के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज-गुजरात प्रदेश की बागडोर उन्हें सौंपी गई थी।

82 साल के भंवरलाल शर्मा फिलहाल अहमदाबाद के भूलाभाई पार्क, गीता मंदिर के पास, मणिनगर में रहते है। गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में भंवरलाल शर्माने बताया था कि वर्ष 2003 के उस दौर में भी हरित जयंति मनाई जाती थी। सभी इकाई के अध्यक्ष एवं सदस्यो की नियुक्ति की गई थी। सब लोग समाज को सक्रिय करने के लिए बेहद खुश थे। उस वक्त मुझे प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी जब दी तो मेरे साथ सबसे अहम साथी के रूप में स्व.कनैयालाल पंडित ही थे जिन्होने कार्यक्रमो को अमली जामा पहनाने का कार्य किया। उन्हे उसी वक्त प्रदेश महामंत्री का जिम्मा सौंपा भी गया। राष्ट्रीय महासभा के सभी गणमान्य सदस्योने भी उपस्थिति दर्ज करवाई थी। उस वक्ते बेहद कम साधनो में और टेकनोलोजी के बिना भी समाज में एकदूसरे के प्रति काफी स्नेहभाव था। आज समाज में जागरूकता बढ रही है उसे देख काफी खुशी हो रही है, मुझे पूर्ण आशा है कि हमारा समाज आगे बढने की राह पर चल पडा है , सबका साथ और एकजूटता से समाज को बेहतरीन मार्ग पर ले जाया जा सकता है। मेरी जहा जरूरत हो तो मुझे जरूर बताए तो संगठन के लिए मुझसे जितना बन सकेगा सहयोग करूंगा । पत्रिका टीमने मुझसे संपर्क किया यह मेरे लिए काफी खुशी की बात है, पूर्व अध्यक्ष को आपकी टीमने तबज्जो दी यह दर्शाता है कि आप संगठन के वरिष्ठ अनुभवी और उनके अनुभव को जानने के लिए इच्छुक है, गुजरात प्रदेश संगठन की टीम को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

## पत्रकार - समाचार - मीडिया

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं



**केवल घनश्यामप्रसाद शर्मा**

गौत्र : बंदावला
किस अखबार या चैनल में है? : ABP अस्मीता चैनल
पत्रकारिता में कितना अनुभव? : 8 वर्ष
काम का स्थल : अहमदाबाद
मोबाईल नंबर : 9328365220

“समाज को जागरुक करने में पत्रकार अहम भूमिका निभा रहे हैं , पत्रकार, समाज का आईना है, आदर्श है और यह जितना बेहतर होगा समाज उतना ही स्वच्छ बनेगा।”

**हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात**

## पत्रकार - समाचार - मीडिया

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं




**पंकजकुमार गोपालभाई शर्मा**

गौत्र : नारनोलिया
किस अखबार या चेनल में? : News18 गुजराती चैनल
पत्रकारिता में कितना अनुभव? : 16 वर्ष
काम का स्थल : अहमदाबाद
मोबाईल नंबर : 8000309379, 7984238655

"पत्रकार समाज की आत्मा है, समाज के लिए पत्रकारिता की भूमिका अहम है। पत्रकारिता पेशा नहीं, पैशन होना चाहिए।"

**हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात**

## पत्रकार - समाचार - मीडिया

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं



**प्रकाश शर्मा**

गौत्र : कांजला
किस अखबार या चेनल में? : Inspiro India News Network, उदयपुर
पत्रकारिता में कितना अनुभव? : 32 वर्ष
काम का स्थल : उदयपुर, राजस्थान
मोबाईल नंबर : 8890079776

“मीडिया अपनी भूमिका द्वारा समाज में शांति, सौहार्द, समरसता और सौजन्य की भावना विकसित कर सकता है। वह समाज की नीति, परंपराओं, मान्यताओं तथा सभ्यता एवं संस्कृति के प्रहरी के रूप में भी भूमिका निभाता है।”

**हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज-गुजरात**

# जयपुर : बिरधीचंद शर्माने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में किए दर्शन



अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा ने जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेशजी के दर्शन किए..और प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की.. 8 दिसंबर को बिरधीचंद शर्मा अपने परिवार के साथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे. महत्वपूर्ण है कि जयपुर का मोती डूंगरी गणेश मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस मंदिर में दाहिनी सूंड वाले गणेशजी की विशाल प्रतिमा है। जिस पर सिंदूर का चोला चढ़ाकर भव्य श्रृंगार किया जाता है। मंदिर की प्रसिद्धि इतनी है कि गणेश चतुर्थी पर यहां एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं। मोती डूंगरी गणेशजी जयपुरवासियों के लिए प्रथम अराध्य माने जाते हैं। मान्यता है कि यदि कोई भी व्यक्ति नया वाहन खरीदता है तो उसे सबसे पहले मोती डूंगरी गणेश मंदिर में लाने की परंपरा है। इसके अलावा मोती डूंगरी गणेश मंदिर में शादी के समय पहला निमंत्रण-पत्र मंदिर में चढ़ाने की परंपरा है। मान्यता है कि निमंत्रण पर मोती डूंगरी गणेश उनके घर आते हैं और शादी-विवाह के सभी कार्यों को शुभता से पूर्ण करवाते हैं। ऐसे में इस मंदिर में जयपुर के आसपास से भी लोग दूर-दूर से शादी का निमंत्रण देने पहुंचते हैं।

**FOR SALE**

2BHK (63.50 वर्गमीटर), 12A/SF TP-13 CHANI JAKAT NAKA SWAMY PRAMUKH NAGER VB-1 OPP. VARDAN COMPEX VADODRA. m - 8700650150 (JAI PRAKASH SHARMA)

## सूचना

समाज की इस पत्रिका में लेख, आर्टिकल या विज्ञापनदाता द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के दावे या प्रस्तुतिकरण के लिए पत्रिका प्रबंधन जिम्मेदार नहीं है, पत्रिका का उद्देश्य समाज की जानकारीया और समाजबंधुओ से मिलनेवाली सकारात्मक खबरो को सही ढंग से लोगो तक पहुंचाना है।

# राजस्थान : बिरधीचंद शर्माने निर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकत कर दी बधाई



जयपुर : अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्माने सीएमआर हाउस में राजस्थान प्रदेश के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बिरधीचंदने भरोसा जताते हुए कहा कि हमे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा। राजस्थान के नवनिर्वाचित भजन लाल शर्मा राजस्थान भाजपा के महामंत्री हैं। वह भरतपुर के रहने वाले हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें जयपुर की सांगानेर सीट से विधानसभा सीट का टिकट दिया था। उन्होंने कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48 हजार से अधिक मतों से हराकर जीत दर्ज की थी। वह पहली विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे हैं। वह आरएसएस और भाजपा के छात्रसंघ संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के साथ लंबे समय से जुड़े रहें हैं। वह भरतपुर में जिला मोर्चा के अध्यक्ष भी रहे हैं। ब्राह्मण समुदाय से आने वाले भजनलाल शर्मा के पिता का नाम कृष्ण स्वरूप शर्मा हैं। भजनलाल शर्मा की उम्र 56 साल है। भजन लाल शर्मा जयपुर की सांगानेर विधानसभा से पहली बार विधायक चुने गए हैं. बीजेपी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान विधायक अशोक लौहाटी का टिकट काट कर भजन लाल शर्मा को दिया था।

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व.रमादेवी भवानीशंकर शर्मा (निवासी - मुंबई) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे |**
**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**
**(निधन तारीख - 12 December 2023)**
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व.कृष्णगोपाल उमाशंकर शर्मा (निवासी-मथुरा) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे |**
**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**
**(निधन तारीख - 14 November 2023)**
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व.हेमेन्द्रकुमार केदारनाथ शर्मा (निवासी वडोदरा) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे |**
**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**
**(निधन तारीख - 11 November 2023)**
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



**परमपिता परमेश्वर स्व.स्वरुपीदेवी राधेश्याम शर्मा (निवासी-हिंमतनगर) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे |**
**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**
**(निधन तारीख - 22 November 2023)**
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

# दहेगाम : नही रहे मुरारिलाल पंडित, अंतिम विदाय में उमड़ा जन सैलाब



केवल शर्मा, अहमदाबाद : दहेगाम के अग्रीम समाजबंधु मुरारीलाल बद्रीप्रसाद पंडित का 10 दिसंबर 2023 को दु:खद निधन हो गया। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के देवी आटस गांव के निवासी थे..पिछले 50 वर्षों से मुरारीलाल पंडित ने गुजरात के गांधीनगर जिले के दहेगाम और लवाड गांव को अपनी कर्मभूमि बनाया । यहां उन्होंने अपना व्यापार और व्यवसाय स्थापित किया। साथ ही संगठन में भी हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात क्षेत्र के बहुत सक्रिय रहे। समाज की महत्वपूर्ण मीटींगो में उनकी उपस्थिति रहती थी। वे पूर्व अध्यक्ष महाराम प्रसाद शर्मा से लेकर वर्तमान अध्यक्ष संजय पंडित की टीम में काफी सक्रिय थे। अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन की टीम में वे गांधीनगर जिला अध्यक्ष के पद पर कार्यान्वित थे। मुरारीलाल पंडित सिर्फ देवी आटस में ही नही बलकी दहेगाम और लवाड गांव के घर-घर में जाने जाते थे। गांव की हर जाति के लोग उन्हें आदर से पंडितजी कहकर बुलाते थे। कोई पारिवारिक मामला हो या कोई सामाजिक समारोह, वह हंमेशा सच्चाई पर अड़े रहे। और सच्चाई के पक्षधर थे । मुरारीलाल पंडित के दु:खद निधन से पूरा लवाड गांव सदमे में है। जब उनकी अंतिम यात्रा दहेगाम से लवाड तक निकाली गई तो उन्हे अंतिम विदाय देने पूरा लवाड गांव समेत भारी जन सैलाब उमड़ा। मुरारीलाल पंडित के लिए गांव की महिलाओं से लेकर युवाओं तक सभी की आंखों में आंसू थे। जब कोई व्यक्ति इस दुनिया से चला जाता है तो उसके चाहने वालों में दु:ख का भाव होना स्वाभाविक है..लेकिन लवाड गांव में जन जन का भाव कुछ अलग ही था। जिससे पता चलता है कि उन्होंने लोगों के साथ अपना रिश्ता कितना मजबूत और स्नेहपूर्ण रखा होगा। अंतिम समय के दौरान मुरारीलाल पंडित अपने लोकाभिमुख स्वभाव का परिचय देते गए। अंतिम यात्रा में एक ही आवाज निकल रही थी 'बड़ी देर से सुन रहा था जमाना, तुम्ही सो गए दास्तां कहते कहते।' सरल विचार, शानदार नेतृत्व क्षमता और समस्या में भी मुस्कराने वाले मुरारिलाल पंडित का चेहरा सबकी आंखों के सामने तैर रहा था। उनके जीवन को याद कर सभी की आंखें नम हो जा रही थी। इस दुनिया में कुछ सच हो न हो, लेकिन एक सच यह जरूर है कि वो इंसान इस धरती पर जन्म लिया उसे एक दिन मृत्यु की गोद में सोना है। परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी, परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी ! ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें ! दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि !

साथ आपका यहीं तक था इसलिए छूट गया। आपके जाने से जैसे हर मौसम हमसे रूठ गया।।
हर कोई दुखी हैं आज, खोकर आपको। हर आंख नम हैं, और हर दिल आज टूट गया।।

## उज्जैन - श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज का अन्नकूट का भव्य आयोजन



डॉ.राहुल शर्मा(MP) : हर वर्ष के भाति इस वर्ष भी बाबा महाकाल की नगरी में श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज का अन्नकूट महोत्सव आयोजन नगर कोट माता के समीप स्थित समाज की धर्मशाला में सम्पन्न हुआ । साथ ही करीब 70 मेघावी बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा , महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ घनश्याम कलवानिया, प्रदेश महामंत्री जगदीश शर्मा के साथ अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन शहर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने की । इस वर्ष का अन्नकूट महोसत्व सर्वगी श्री जगदीश जी बलेसरा की स्मृति में उन की धर्मपत्नी श्रीमती केसर देवी जी एवं उनके पुत्र राजेश शर्मा,गिरीश शर्मा द्वारा किया गया। अन्नकूट आयोजन में राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में घनश्याम कालवानिया (रतलाम) प्रो. केशव मणि शर्मा,दिलीप शर्मा,प्रदेश पदाधिकारी के रूप में महेश नारनोलिया, पंडित नीरज पंचोली, मुकेश पंचोली,इंदौर समाज महामंत्री महेश पंचोली, पवन कुलचानीय,महिला मंडल पदाधिकारी उज्जेन समाज अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता शर्मा, श्रीमती पुष्पा कालवानिया,श्रीमती भारती शर्मा,श्रीमती माधुरी शर्मा, श्रीमती निधि शर्मा, श्रीमती कृष्ण शर्मा, उज्जेन समाज अनुज शर्मा,पवन शर्मा,राधेश्याम शर्मा,भरत शर्मा,रमेश शर्मा,मनोहर शर्मा,प्रहलाद शर्मा,युवा मंच के उत्तम शर्मा,रोहित शर्मा, चित्रांश शर्मा,दिनेश शर्मा आदि समाज जन उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन प्रदेश इकाई कार्यकारणी सदस्य महेंद्र शर्मा ने किया व आभार उज्जैन समाज के मंत्री ब्रज मोहन शर्मा ने माना।

## हमारा समाज - हमारी खबर - हमारा अखबार

# हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम

गुजरात एवं अन्य प्रदेशो से हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के
समाचार एवं आर्टिकल भेजने के लिए पत्रिका टीम से संपर्क करे



तंत्री : विजयभाई शर्मा (चोरीवाड)
Mo.8140036786



सहतंत्री : रामअवतार शर्मा (कठवाडा)
Mo.9825008751



सहतंत्री : हितेश शर्मा (सिद्धपुर)
Mo.90169 05113



सहतंत्री : कमलेश शर्मा (इसनपुर)
Mo.9898584469



सहतंत्री : उमेश कुडाया (कणभा)
Mo.9825019516



पत्रिका संचालन-व्यवस्थापक : पंकज शर्मा (बोपल)
Mo.8000309379

## पत्रिका सदस्य समाचार सूचक



डॉ.दौलतकुमार शर्मा(गांधीनगर)
Mo.9904535914



जगदीशभाई शर्मा (पाटण)
Mo.9825592026



मनीषा शर्मा (गोरवा)
Mo.9023664488



नैना शर्मा (बापुनगर)
Mo.7573093736



सागर शर्मा (आणंद)
9898925719



विनोद शर्मा (अरवल्ली)
Mo.94262 83362



गयाप्रसाद बलेसरा (दिल्ली)
Mo.8826159765



राजुभाई शर्मा(वडोदरा-सुरत)
Mo.9427794943

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि



# स्व.मुरारीलाल पंडित

(01-01-1957 से 10-12-2023)

मुरारीलालजी पंडित(दहेगाम) के दु:खद निधन ने हमसे एक गहन विचारक, कुशल कार्यकर्ता, व्यवहार के आदर्श और सबसे बढ़कर एक स्नेही और उत्साहवर्धक वरिष्ठ को छीन लिया है। वे अखिल गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण सेवा संगठन में गांधीनगर जिला अध्यक्ष पद पर कार्यान्वित थे। हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात समाज एवं देवी आटस गांव की तरफ से उनकी प्रेरक स्मृति के प्रति अपनी आदरपूर्ण संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना करते है। विनम्र श्रद्धांजलि।

**हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात पत्रिका**

# सातवी पुण्यतिथि




## स्व.महारामप्रसाद शर्मा

**(31-03-1942 से 12-12-2016)**

**अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात महासभा के पूर्व अध्यक्ष स्व.महारामप्रसाद शर्मा की सातवी पुण्यतिथि पर गुजरात प्रदेश के समाजबंधुओ की ओर से सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते है।**

**हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश**
**हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात पत्रिका**